हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 डाइट में वेलकम पार्टी के जरिए मिला सीखने...



12 एनएसएस शिविर में साइबर सुरक्षा पर युवाओं ...



## खबर संक्षेप

### चाकू लेकर गाली-गलौज करने वाले पकड़ाए

**राजनांदगांव।** सार्वजनिक स्थान पर अवैध धारदार चाकू लेकर लहराकर डराने-धमकाने व गाली-गलौज करने वाले आरोपियों पर लालबाग पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों से चाकू बरामद किया गया है। लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 11 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि रेवाडीह उनके दुकान के सामने आरोपी राजकुमार उर्फ राम कोमरे एवं अभिषेक नेताम ने डरा-धमकाकर अपने हाथ में रखे धारदार चाकू लेकर लहरा रहा है। आरोपी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे मौके पर पहुंचकर पकड़कर धारदार चाकू हथियार को बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### पुरानी रंजिश पर मारपीट करने वाले 4 आरोपी पकड़ाए

**राजनांदगांव।** पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने के मामले की जांच कर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 नवंबर को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 नवंबर को साढे 12 बजे गली नं. 1 बख्तावर चाल तुलसीपुर में आरोपी मुकेश साहू, आकाश साहू, आकाश गेड़ाम एवं साहिल खान द्वारा पुराने विवाद को लेकर मां-बहन की गंदी-गंदी गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देकर लोहे के राड़, प्लास्टिक पाइप, डंडा व हाथ-मुक्के मारपीट कर चोंट पहुंचाना एवं बीच-बचाव करने आई महिला के साथ भी गाली-गलौज कर हाथापाई करना बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 118, 351, 3 (5) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी मुकेश साहू 33 वर्ष, आकाश साहू 29 वर्ष, आकाश गेड़ाम 22 वर्ष व साहिल खान 25 वर्ष को घेराबंदी कर पकड़कर थाना लाया गया। आरोपियों से पूछताछ पर जुर्म स्वीकार व घटना में प्रयुक्त लोहे का राड़, प्लास्टिक का पाइप व डंडा जब्त कर 10 नवंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

### निर्माणाधीन पोल्ट्री फार्म का विरोध, रोक लगाने की मांग

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम केसला के समीप स्थित ग्राम धौराभाठा भूमि में निर्माणाधीन पोल्ट्री फार्म पर रोक लगाने की मांग लेकर आज ग्रामीण कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और यहां पोल्ट्री फार्म निर्माण को लेकर विरोध जताया। ग्राम पंचायत केसला के समीप स्थित ग्राम धौराभाठा में परवेस अबी द्वारा पोल्ट्री फार्म स्थापना हेतु निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसको लेकर आज धौराभाठा के ग्रामीण कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और पोल्ट्री उद्योग से गंदगी होने एवं कृषि भूमि बंजर होने और स्वास्थ पर बुरा प्रभाव होने की संभावना को लेकर निर्माण कार्य रूकवाने ज्ञापन सौंपा है।ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत धौराभाठा एवं ग्राम पंचायत केसला द्वारा पोल्ट्री फार्म निर्माण कार्य पर रोक लगाने हेतु सर्वसहमति से प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। गांव के द्वारिका दास टंडन ने बताया कि इससे पहले तहसील और एसडीएम को ज्ञापन देकर रोक लगाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### बैठक में आर्थिक दंड से नाराज होकर की हत्या

**राजनांदगांव।** गांव में पूर्व में हुए बैठक में आर्थिक दंड देने से रंजिश रख रहे युवक ने अधेड़ की हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 10 नवंबर को सूचना मिली कि ग्राम मारगांव के कुआं में पानी में शव तैरता हुआ मिला है।

# ठंडी हवा ने दी जिले में दस्तक, तापमान 18 डिग्री से भी नीचे लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में ठंड ने दस्तक देना शुरू कर दी है जिसके चलते तापमान नीचे की ओर जा रहा है। वहीं रातें सर्द होते जा रही ओर अलसुबह कोहरा छा रहा है। अचानक बढ़ी ठंड का दोहरा असर देखने को मिल रहा है. जहां सर्द हवाओं और बढ़ते कोहरे के कारण इलाके में विजिबिलिटी प्रभावित हुई है। वहीं शहर से लेकर गांव और कस्बों में लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। पिछले 24 घंटे की बात करें तो जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री के करीब दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में उत्तर की दिशा से आ रही ठंडी हवाओं ने तापमान में बड़ा बदलाव कर दिया है। चार दिन पहले तक 26 डिग्री के करीब बने रहने वाला जिले का न्यूनतम तापमान अब लुढ़ककर 18 से 19 डिग्री से भी नीचे पहुंच गया है। जिसकी वजह से जहां रातें सर्द हो गई है। लोगों को गर्म कपड़े पहनने मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं अलसुबह कोहरा भी दिखने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में भी कुछ गिरावट देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम बुलेटिन के अनुसार प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। इसके कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट के साथ विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

## रातें सर्द, अलसुबह कोहरा,गर्म कपड़ों की खरीदारी बढ़ी, शाम से ही चल रही ठंडी हवा

### मौसम शुष्क

प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि अंचल में अभी शीतलहर की स्थिति नहीं बताई गई है। शहर से लेकर गांव तक सुबह और रात के समय ठंड बढ़ने लगी है। जबकि दिन में मौसम सामान्य और शुष्क बना हुआ है।



### *बीमार होने का खतरा बढ़ा, करें बचाव*

*इस दरमियान तापमान तेजी से बदल रहा है। जिसके चलते बीमार होने का खतरा भी बढ़ गया है। विशेषज्ञों ने बताया कि ऐसे मौसम में अधिक मच्छर देखने को मिलते हैं। जिनकी वजह से मलेरिया फैलने जैसे खतरा भी बढ़ जाता है। बीमारी से बचने सतर्क रहना जरूरी है। देर शाम तापमान तेजी से नीचे जा रहा है। जिससे बचने के लिए स्कूली बच्चों एवं बुजुर्गों को गर्म कपड़े साथ रखने चाहिए, ताकि अचानक तापमान गिरने का असर तबीयत पर न पड़े।*

## अनदेखी: धान खरीदी को लेकर अब केवल तीन दिन ही शेष

# कर्मी हड़ताल पर, केंद्रों में पर्याप्त बारदाना नहीं, खरीदी पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सहकारी समिति कर्मचारियों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल ने व्यवस्था चरमरा दी है। इससे समय पर धान खरीदी शुरु हो पाएगी अथवा नहीं इस पर संशय है। वही धान खरीदी को अब केवल 3 दिन शेष है। लेकिन जिले में खरीदी की तैयारियों की रफ़्तार पर ब्रेक लगा हुआ है। समितियों में न तो पर्याप्त बारदाने की आपूर्ति हो सकी है और न ही तौल मशीनों की जांच पूरी हुई है। इस बीच,सहकारी कर्मचारी अपनी मांगों पर हड़ताल में डटे हुए हैं।

जिले के किसान अपनी हरुना धान की कटाई शुरु कर चुके है। फसल खलिहानों और घरों के बाहर जमा हो रही है। इस समय मौसम के बदलते मिजाज और बेमौसम बारिश की आशंका के बीच, खुली पड़ी फसल के खराब होने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी प्रशासनिक लापरवाही उन्हें झेलनी पड़ेगी। क्योंकि, अधूरी तैयारियों के कारण टोकन कटवाने और धान बेचने में लंबा समय लग सकता है। अधिकांश समितियों में अभी तक पर्याप्त संख्या में बारदाने नहीं पहुंचे हैं। तौल मशीनों की अनिवार्य जांच और सत्यापन का काम भी लटका हुआ है। खुले में जमा धान को खराब मौसम से बचाने की चुनौती बनी हुई हैं।




### सीमित समय में खरीदी का दबाव

पहले धान खरीदी 1 नवंबर से शुरू होती थी, लेकिन अब 15 नवंबर से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलती है। इस दौरान रविवार और अन्य छुट्टियों पर खरीदी बंद रहती है, जिससे किसानों के पास पहले से ही सीमित समय होता है। स्थानीय किसानों ने चिंता व्यक्त की है कि खरीदी की तारीख करीब होने के बावजूद केंद्रों में कोई गतिविधि नहीं है। उन्होंने समय पर खरीदी शुरू करने की मांग की है।

### *जल्द न निकला समाधान तो होगी परेशानी*

*जिले में धान खरीदी की सफलता पूरी तरह से कर्मचारी हड़ताल समाप्त होने और समिति स्तर पर युद्धस्तर पर व्यवस्थाएं पूरी होने पर निर्भर है। शासन स्तर पर हड़ताल समाप्त करवाने के प्रयास जारी हैं। लेकिन, यदि जल्द ही कोई समाधान नहीं निकलता है, तो 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने की सरकारी घोषणा केवल कागजी साबित हो सकती है, जिसका सीधा खामियाजा जिले के किसानों को भुगतना पड़ेगा।*

### *कर्मचारी हड़ताल, खरीदी प्रक्रिया ठप*

*धान खरीदी सीजन की उलटी गिनती शुरू होते ही, सहकारी समिति कर्मचारी संगठन और डेटा एंट्री ऑपरेटर अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिले के 102 धान खरीदी केंद्रों और सहकारी समितियों के कार्यालयों में तालाबंदी है। कर्मचारी अनुपस्थित हैं, जिसके कारण धान खरीदी से जुड़े सभी प्रशासनिक और लॉजिस्टिक कार्य ठप पड़े हैं। कर्मचारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होंगी वे आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे।*

# युवक ने उठाया आत्मघाती कदम, फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

नगर पंचायत क्षेत्र में आत्महत्या का मामला सामने आया है। पुलिस चौकी देवकर , वॉर्ड 12 ,बीच पारा निवासी केदार निषाद उम्र 24 वर्ष पिता बिसरू निषाद ने बीती रात सोमवार को किचन में फांसी लगाकर जान दे दी। युवक दो भाइयों में छोटा व अविवाहित था। मृतक सजावट गाड़ी चलाता था, व कल काम में नहीं गया था। परिजनों ने बताया कि कल रात 10 बजे घर आया। खाना खाने के लिए ऊपर किचन गया था। दूसरे दिन मंगलवार सुबह 5 बजे चूल्हा को लीपने गई घर कि महिला ने जब युवक को फांसी पर लटकते देखा तो घर में रोने धोने कि आवाज सुन आस पास पड़ोसियों को इस घटना कि जानकारी मिली। छत पर टीन से अस्थाई किचन बनाया गया है, टीन से लगा हुआ बांस में साड़ी के किनारे लगे लेस से फंदा लगाकर युवक ने आत्मघाती कदम उठाया। फंदा से छत की सतह लगभग 5 फीट 10 इंच है, संभवतः नशे कि वजह से घुटना मुड़ गया था , जिससे उसे बचने का मौका नहीं मिल पाया। युवक पार्षद पति मनीष निषाद के काका का बेटा था। सूचना पर पुलिस टीम देवकर,मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्ट मॉर्टम के लिए शासकीय अस्पताल साजा भेजा।

- 8 महीने में तीसरा मामला आया सामने



### *तीनों एक ही तरह का करते थे कार्य*

*बता दें कि 8 माह के भीतर आत्महत्या का यह तीसरा मामला है, तीनों केस में आत्महत्या के लिए फांसी को चुना गया। होली पर्व के दौरान आत्मघाती दीपक रजक और अभी केदार निषाद अविवाहित थे, तो 30 मई को फांसी लगाकर जान देने वाले युवक सागर साहू शादीशुदा थे। हैरत करने वाली बात यह है कि तीनों युवक एक जैसे बाजवट बनाने वाले कार्य से जुड़े थे।*

# ईएमटी की सूझबूझ से 108 में गूंजी किलकारी महिला ने दिया स्वस्थ बच्चे को जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

108 टीम ने अपनी सूझबूझ से गर्भवती महिला का एम्बुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराया। माँ और बच्चे दोनों स्वस्थ हैं। 108 संजीवनी एक्सप्रेस की तत्परता और ईएमटी की सूझबूझ से एम्बुलेंस में किलकारी गूँज पड़ी। जानकारी के अनुसार बेरला ब्लॉक ,ग्राम तिलई निवासी गर्भवती महिला पुष्पा कुर्रे उम्र 25 वर्ष पति ओमेश्वर कुर्रे को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला में भर्ती कराया था । परंतु प्रसव जटिल होने के कारण गर्भवती महिला को 10 नवंबर प्रातः उच्च संस्थान मेडिकल कालेज रायपुर के लिए रिफर किया गया ।

मेकाहारा रिफर करने के लिए संजीवनी एक्सप्रेस वाहन 108 को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डायल 108 के ईएमटी रामगोपाल देवांगन एवं पायलट भूपेंद्र कुर्रे रायपुर के लिए रवाना हुए। रास्ते में रायपुर रोड ग्राम सांकरा के पहले गर्भवती महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी।

- बेरला ब्लॉक के ग्राम तिलई की रहने वाली है महिला

### डाक्टर को दी जानकारी, फिर वाहन में ही करवाने का निर्णय



ईएमटी रामगोपाल ने अपने सूझबूझ का परिचय देते हुए सर्वप्रथम ईआरसीपी के माध्यम से डॉक्टर वजस को वस्तुस्थिति से अवगत कराया और उनके सलाहनुसार परिजनों के सहमति से बात कर गर्भवती महिला की स्थिति को देखते हुए एम्बुलेंस में ही प्रसव कराने का निर्णय लिया। सर्वप्रथम एम्बुलेंस को सुरक्षित खड़ी कर प्रसव प्रक्रिया प्रारंभ की। कुछ ही क्षणों पश्चात एम्बुलेंस में बच्ची की किलकारी गूंजने लगी। पुष्पा ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। इसके पश्चात माँ - बच्चे को मेकाहारा में शिफ्ट कराया गया। सुरक्षित प्रसव के लिए परिजनों ने संजीवनी एक्सप्रेस 108 टीम को धन्यवाद दिया।

# श्री गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर सिक्ख समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

श्री गुरुनानक देव की 556 वीं जयंती को बहुत ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । सिक्ख समाज ने सोमवार विशाल कीर्तन निकाला। कर्नाटक बिदर से आई कांच से बनी एक सुनहरे रंग की बनी पालकी साहब में श्री गुरु ग्रन्थ साहेब जी सुशोभित थे। गुरु जी के साजे पंज प्यारे उनकी अगुवाई में थे। सिक्ख समाज की महिलाओं ने पूरे रास्ते पानी का छिड़काव कर झाड़ की सेवा निभाई और पुष्प वर्षा करते हुए गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। नगर कीर्तन में पंजाब से आए गतका दल ने अपने हैरतअंगेज प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। इस वर्ष नगर कीर्तन गुरुनानक जी के जीवनी से आधारित झांकी भी लोगों में आकर्षण का केंद्र बनी रही, शारदा बैंड भिलाई ने अपनी पूरी टीम के साथ गुरबाणी की मधुर धुनों को बजाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं कवर्धा एवं बेमेतरा की संगत ने अपने अपने जत्थे बनाकर शबद कीर्तन करते हुए नगर कीर्तन की शोभा में चार चांद लगा दिए। सिक्ख समाज द्वारा जगह जगह स्वागत गेट भी बनवाए गए थे। जिसमें साध संगत द्वारा गुरुजी के आगमन पर्व के बधाई संदेश लगाकर अपनी खुशियां व्यक्त की गई थी। सामाजिक , धार्मिक, राजनीतिक एवं शहर की अन्य संस्थाओं द्वारा नगर कीर्तन का जगह जगह स्वागत किया गया , सिंधी समाज ने गुरु ग्रन्थ साहेब जी को माथा टेककर पंज प्यारों को पुष्पमाला पहनाया एवं दूध की सेवा की, वही स्त्री सत्संगत कमेटी, सिक्ख समाज के वरिष्ठजनों , युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों ने कार्यक्रम में अपनी महती भूमिका निभाई

### जिपं अध्यक्ष कल्पना नगर कीर्तन में हुईं शामिल



इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने विशेष रूप से शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी केवल एक संत नहीं, बल्कि मानवता के मार्गदर्शक थे। उन्होंने समाज को यह सिखाया कि ईश्वर की सच्ची पूजा सेवा, सत्य और करुणा में है। उनका अमर संदेश 'नाम जपो, किरत करो, वंड छको' — जीवन को सार्थक दिशा देने वाला मंत्र है। आज के युग में जब समाज में वैचारिक विभाजन बढ़ रहा है, तब गुरु नानक देव जी के उपदेश हमें एकता, सद्भाव और प्रेम का मार्ग दिखाते हैं।"उन्होंने आगे कहा कि बेमेतरा जैसे नगरों में भी ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। "आज हम सबको यह प्रण लेना चाहिए कि हम गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे और समाज में सेवा, समानता और सद्भाव का वातावरण बनाएंगे ।

## जनदर्शन में 28 आवेदन प्राप्त, कई का हुआ मौके पर निराकरण

# कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मंगलवार कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष मे जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमे जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जनदर्शन में कलेक्टर रणवीर शर्मा ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 28 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी।

इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील थानखम्हरिया के ग्राम अकोला निवासी धनेश्वरी साहू ने राशन कार्ड चालू कराने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम सेमरिया निवासी धनसिंग साहू ने वृद्धा पेंशन दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम मोहभट्ठा निवासी तुलसीराम वर्मा ने नेशनल हाईवे-30 सड़क में मुआवजा राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नांदघाट के ग्राम जुनवानीकला निवासी राजेश बाजपेयी ने रिकार्ड दुरूस्ती करने व त्रृटि सुधार के संबंध में आवेदन दिया, इसी प्रकार तहसील बेरला के ग्राम सिरसा निवसी सुरेश कुमार ने घरेलू बिजली बिल अधिक आने की शिकायत के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

- लेक्टर ने गंभीर मामलों को टीएल पंजी में दर्ज कर समयसीमा में समाधान के निर्देश दिए



# नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए मॉक टेस्ट जारी

**बेमेतरा।** लोधी क्षत्रिय एम्प्लाइज्ड एंड इंटलेक्चुअल एसोसिएशन (लक्ष्य छत्तीसगढ़) द्वारा आयोजित लक्ष्य मॉक टेस्ट परीक्षा की श्रृंखला में प्रथम मॉक टेस्ट 2 नवंबर से प्रारम्भ होकर 7 दिसम्बर तक लगातार 6 मॉक टेस्ट चलने वाले है। श्रृंखला के द्वितीय मॉक टेस्ट परीक्षा स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल परपोड़ी साजा में मॉक टेस्ट श्रृंखला आयोजित किया गया। लक्ष्य प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा ने बताया कि मॉक टेस्ट परीक्षा में बच्चों को मार्गदर्शन करते हुए निर्देश देते हैं कि इस मॉक टेस्ट से, प्रश्न पूछने के तरीके का पता चलता है। ओएमआर शीट भरने के तरीके, समय प्रबंधन करना, प्रश्न का उत्तर चयन करते समय धैर्य से बुद्धि का प्रयोग करना और छः टेस्ट तैयारी से ज्ञान में वृद्धि होती हैं। कुल 80 प्रश्न 100 नंबर का होता है। प्रत्येक प्रश्न 1.25 अंक का रहता है। कक्षा 5वीं के बच्चों को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु होने वाले परीक्षा में चयन हमारे क्षेत्र के अधिक से अधिक बच्चे का हो। यही इसका उद्देश्य है। इसके लिए हम लक्ष्य टीम के साथी कार्यकर्ता में लक्ष्य प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश कुमार वर्मा व्याख्याता, हिमांचल वर्मा व्याख्याता लक्ष्य सर्किल अध्यक्ष परपोड़ी, कुम्भलाल वर्मा शिक्षक, लोकेश जंघेल शिक्षक, संयोजक भोला राम वर्मा व्याख्याता, साथी सर्व समाज के बच्चों के सहयोग के लिए काम कर रहे हैं।



ठंड: जिले के वनांचल ईलाकों में ठंड से बचने दहकने लगे अलाव

# ठंड ने बढ़ाई ठिठुरन, वनांचल से लेकर शहरों तक कड़ाके की ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बदलते मौसम के मिजाज के चलते इन दिनो ठंड ने अंचल में अपना जोर दिखाना शुरू कर दिया है। ठंड का असर पर जिले के वनांचल ईलाकों के साथ जिला मुख्यालय कवर्धा सहित नगरीय क्षेत्रों में दिखाई देने लगा है। नवम्बर माह के शुरूआती दिनो में ठंड के इस तेवर को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि दिसम्बर और जनवरी माह ठंड के लिहाज से लोगों पर भारी पड़ सकता है।

वनांचल क्षेत्र चिल्फीघाटी, रेंगाखार, तरेगांव जंगल, दलदली क्षेत्र से निकलकर आई खबर के अनुसार अब इन क्षेत्रों में दांत कड़कड़ाने वाली ठंड का एहसास होने लगा है। शाम ढलने के बाद लोग अपने-अपने घरों में रजाई गद्दा, कंबल ओड़कर दुबकने लगे हैं या फिर युवा और धुमक्कड़ लोग गर्म कपड़ों का लबादा ओढ़कर ही बाहर निकल पा रहे हैं। वहीं साधन विहीन वनांचल के बासिंदे अलाव के सहारे ठंड से निजाद पाने जुट गए हैं। यही स्थिति सुबह के समय भी वनांचलों में देखने को मिल रही है। लगातार बढ़ रही ठंड के कारण वनांचल के लोग सूर्योदय के पूर्व बिस्तर नहीं छोड़ रहे हैं। चिल्फीघाटी, रेंगाखार, तरेगांव जंगल तथा दलदली के लोगों ने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से जबरदस्त ठंड पड़ रही है। स्थिति ये है कि लोगों को शाम ढ़लने के बाद अपने घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है।

### सूर्योदय के पूर्व बिस्तर छोड़ना हो रहा है मुश्किल



आलम ये है कि सुबह 11 बजे के आसपास सूरज चढ़ने के बाद ही लोगों को ठंड से कुछ हद तक राहत मिल पा रही है। वनांचल क्षेत्रों के अलावा जिला मुख्यालय तथा आसपास के क्षेत्रों में भी ठंड लगातार बढ़ रही है। यहां भी लोग सुबह और शाम गर्म कपड़ों का उपयोग करने मजबूर होने लगे हैं। ठंड बढ़ने के बाद युवक-युवतियों को भी रंग बिरंगी जीन्स, लेदर जैकिट पहनने का मौका मिल गया है। ठंड ने अच्छी ग्राहकी की उम्मीद लगाए बैठे गर्म कपड़ों के दुकानदारों की ग्राहकी भी बढ़ा दी है। लेकिन बढ़ती ठंड के साथ उन लोगों की मुसीबतें बढ़ गई है जो बेघरबार बस स्टैण्ड, तथा यहां वहां घूम फिरकर अपना जीवनयापन करने मजबूर है। बहरहाल ठंड के एहसास ने लोगों को गुदगुदाना शुरू कर दिया।



## भगवान श्री जानकीरमण प्रभु को ठंड से बचाने भक्त ने उढ़ाया साल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बढ़ती ठंड के इस मौसम में श्रद्धा और भक्ति का अनोखा उदाहरण कवर्धा के कचहरी पारा स्थित श्री जानकीरमण प्रभु देवालय में देखने को मिला।

यहां भक्तों ने भगवान श्री जानकीरमण प्रभु जी को ठंड से बचाने के लिए गरम वस्त्र (साल) उढ़ाया। सर्द हवाओं के बीच यह दृश्य भक्ति और प्रेम से ओतप्रोत था। भक्तों ने बताया कि प्रभु को सर्दी से बचाने का यह कार्य मात्र एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सेवा और स्नेह की अभिव्यक्ति है। जिस प्रकार हम अपने परिवार के सदस्यों का ख्याल रखते हैं, उसी प्रकार प्रभु की सेवा में भी ऋतु के अनुसार परिवर्तन किए जाते हैं। यही भाव वास्तविक भक्ति का प्रतीक है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों ने विशेष पूजा-अर्चना, भजन और आरती का आयोजन किया।

पूरा वातावरण जय श्रीराम और जानकीरमण प्रभु की जय के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान से सबके सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। हर वर्ष सर्दी के आगमन पर भक्त इसी प्रकार भगवान को गरम वस्त्र उढ़ाकर अपनी अटूट श्रद्धा प्रकट करते हैं। यह परंपरा न केवल भक्ति की मिसाल है, बल्कि समाज में प्रेम, सेवा और धार्मिक भावना को भी सशक्त बनाती है।

### खबर संक्षेप




#### छिरहा में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन

**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल छिरहा में मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया। यह दिवस स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिवस को चिह्नित करता है। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मौलाना आजाद के देश की शिक्षा प्रणाली में दिए गए अमूल्य योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया। उन्होंने बताया कि मौलाना आजाद ने शिक्षा के सार्वभौमिकरण, महिला शिक्षा को बढ़ावा देने और उच्च शिक्षा तथा तकनीकी संस्थानों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों का अनुसरण करने और शिक्षा के महत्व को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने का आह्वान किया।

#### बाल वैज्ञानिक स्पर्धा में शामिल होंगे प्रतिभागी

**कवर्धा।** राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन जशपुर में 12 से 15 नवंबर तक होगा। प्रतियोगिता में कवर्धा समेत प्रदेश के कुल 9 न जोन के प्रतिभागी बच्चे व बीएड, डीएड के प्रशिक्षु शिक्षक शामिल होंगे। कुल 427 प्रतिभागी इस राज्य स्तरीय आयोजन में भाग लेंगे। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के साथ-साथ पश्चिम भारत विज्ञान मेला, विज्ञान नाटिका, प्रश्न मंच, विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

## सिस्टम की बेरुखी पर भारी एक पति का प्यार

### केंसर पीड़ित पत्नी के इलाज के लिए भटक रहा ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कहते हैं प्यार हर दर्द पर भारी होता है, लेकिन जब सिस्टम ही लाचार हो जाए, तो इंसान की मजबूरी उसका सबसे बड़ा दुख बन जाती है। कवर्धा जिले के रेंगाखार वनांचल क्षेत्र के नगवाही (काटाबहरा) गाँव का यह दृश्य किसी फिल्म का नहीं, बल्कि हकीकत का दर्द है। यहां रहने वाला समलू मरकाम पिछले तीन सालों से अपनी पत्नी कपूरा मरकाम के कैंसर से जंग लड़ रहा है वो भी अकेले, बिना किसी सरकारी मदद के। तीन साल पहले समलू की पत्नी को थायराइड कैंसर का पता चला। इलाज की शुरुआत में गांव के स्वास्थ्यकर्मी ने उसे जिला अस्पताल भेजा, पर वहां सुविधाएं सीमित थीं। इसके बाद समलू अपनी बीमार पत्नी को रायपुर, दुर्ग और भिलाई के बड़े अस्पतालों में लेकर गया। हर जगह उसने इलाज की उम्मीद में दस्तक दी, पर गरीबी और व्यवस्था की जटिलताओं ने उसके कदम रोक दिए।

#### मोटरसाइकिल बनी एम्बुलेंस

गरीबी ने जब रास्ते बंद किए, तब समलू ने अपनी पुरानी मोटरसाइकिल को ही एम्बुलेंस बना लिया। मोटरसाइकिल पर बांधा गया एक पाटा (लकड़ी का तख्ता) अब उसकी पत्नी का स्ट्रेचर बन गया। इसी पर बैठाकर वह अपनी पत्नी को अस्पतालों तक ले जाता है। गाँव के लोग इस नजारे को देखकर द्रवित हो जाते हैं एक पति, जो अपनी पत्नी के लिए हर दर्द झेलने को तैयार है।

#### मुंबई तक पहुंचा, हालात से हारा

समलू ने हार नहीं मानी। इलाज की बेहतर उम्मीद में वह पत्नी को लेकर मुंबई भी गया, लेकिन आर्थिक तंगी ने वहां भी कदम रोक दिए। दवाई, जांच और ठहरने का खर्च उठाना उसके बस से बाहर था। मजबूर होकर वह फिर गांव लौट आया, पर हिम्मत नहीं टूटी। समलू कहता है, मैंने अपने हाथों से उसे मरते नहीं देखा, इसलिए लड़ रहा हूं.. जब तक जान है, कोशिश करता रहूंगा।

#### पीड़ित परिवार को सरकारी मदद का इंतजार

पिछले तीन सालों में समलू ने मंत्री, विधायक और अधिकारियों के दफ्तरों के कई चक्कर लगाए, पर अब तक कोई ठोस मदद नहीं मिली। इलाज के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिले हैं। सरकारी योजनाओं और स्वास्थ्य सहायता के तमाम दावों के बीच समलू जैसे गरीब लोगों की आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है।

#### सिस्टम की चुप्पी और इंसानियत की पुकार

यह कहानी सिर्फ समलू की नहीं है। यह उन सैकड़ों परिवारों की कहानी है जो बीमारी से नहीं, बल्कि सिस्टम की बेरुखी से हार रहे हैं। गाँव में गरीबी, शहर में खर्च, और बीच में टूटा हुआ तंत्रइन सबके बीच इंसानियत की असली तस्वीर समलू जैसे लोगों के रूप में दिखाई देती है। वनांचल निवासी समलू मरकाम आज भी उम्मीद से भरा है। उसकी आंखों में भरोसा है कि शायद किसी दिन सरकार या समाज उसकी पुकार सुनेगा। उसकी यह जद्दोजहद याद दिलाती है कि जब सिस्टम रुक जाए, तो इंसानियत को आगे बढ़ाना चाहिए।

## अंचल में कराए जा रहे कई निर्माण कार्य औचित्यहीन

### जनसुविधाओं से कोई सरोकार नहीं, कमीशनखोरी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में कराए गए कई लाखों के तथा कथित विकास एवं निर्माण ऐसे है जिनका न तो कोई औचित्य है और न ही उपयोग है। ग्रामीणों की माने तो इन निर्माण कार्यो का न तो स्थल चयन ठीक से किया है और न ही इनकी जरूरत ही समझ में आती है बावजूद इसके इन निर्माण कार्यो को मूर्त रूप दिया गया। जिसे देखकर साफ जाहिर होता है कि ऐसे कार्यो की मंशा जनसुविधा नहीं बल्कि सरकारी खजाने में विकास एवं निर्माण कार्यो के नाम पर सेंधमारी करना मात्र है। जिले के




विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम ग्राम पंचायत दामापुर बाजार में हाल ही में निर्मित कराए गए यात्री प्रतिक्षालय को लेकर भी कुछ ऐसे ही सवाल खड़े किए जा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि दामापुर बाजार में निर्मित यात्री प्रतिक्षालय का कोई औचित्य समझ में नहीं आ रहा है। न तो इसका कोई उपयोग करता है और न ही इसका रखरखाव ही किया जा रहा है। स्थिति ये है कि यात्री प्रतिक्षालय के सामने कूड़ा करकट का ढेर लग चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यही यात्री प्रतिक्षालय उचित स्थान पर निर्मित कराया गया होता तो जरूरत मंद यात्रियों इसका लाभ मिलता।

## निर्वाचन की तैयारी के लिए जिले में सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी निर्वाचन कार्यों की तैयारी के अंतर्गत कबीरधाम जिले में निर्वाचन संबंधी दायित्वों के निर्वहन के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

इस संबंध में जकला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने सभी तहसीलों के लिए निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इन अधिकारियों को निर्वाचन नामावली के पुनरीक्षण कार्य, निर्वाचक सूचियों के संधारण एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों के संचालन के लिए अधिकृत किया गया है। जारी आदेश के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पण्डरिया के लिए संदीप ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पण्डरिया को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इनके सहयोग के लिए प्रभारी तहसीलदार, पण्डरिया संजय कुमार गोस्वामी, नायब तहसीलदार पिपरिया सुश्री प्रभा कश्यप, तहसीलदार सहसपुर लोहारा नागेश तांजय, कुण्डा रविन्द्र कुर्रे, कुकदूर नायब तहसीलदार श्रीमती पूजा सिंगसार्वा को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा के लिए श्री चेतन साहू, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कवर्धा को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनके सहयोग के लिए तहसीलदार, कवर्धा परमेश्वर मण्डावी, बोड़ला सुश्री राजश्री पाण्डेय, सहसपुर लोहारा विवेक गोहिया, रेंगाखार कला अखिलेश धुरव, पिपरिया प्रमोद चंद्रवंशी को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## कृषि महाविद्यालय में अंतरकक्षा खेलकूद प्रतियोगिताएं प्रारंभ



**कवर्धा।** संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कवर्धा में 10 नवंबर से अंतरकक्षा खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मेजर डॉ. जीके श्रीवास्तव, प्रोफेसर (एग्रोनॉमी) उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. देवशंकर तथा डॉ. सुनील कुमार नाग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने की। यह आयोजन रविशंकर नाग के मार्गदर्शन में आरंभ किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और मानसिक संतुलन का भी प्रतीक हैं। उन्होंने छात्रों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। डॉ. श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर सहित विभिन्न कृषि महाविद्यालयों में एनसीसी की शुरुआत और उसके लाभों की जानकारी भी दी। समारोह की शुरुआत सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा बैंड की धुन पर आकर्षक मार्चपास्ट से हुई। खेलकूद प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ वॉलीबॉल खेल से किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. चंद्रेश चंद्राकर द्वारा किया गया।

जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य महाराज का कवर्धा में मंगलमय पदार्पण

## गौ संरक्षणार्थ सुरभि रुद्र महायज्ञ एवं रामकथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



श्रीकामदगिरी चित्रकूट पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य महाराज का मंगलमय पदार्पण श्रीगणेशपुरम, बिलासपुर रोड, कवर्धा में हुआ। महाराज श्री का पुष्प वर्षा और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात वे घुघरी खुर्द गांव पहुंचे, जहां गौ माता संरक्षणार्थ सुरभि रुद्र महायज्ञ एवं श्रीरामकथा का शुभारंभ किया गया। यह पावन कथा 11 से 14 नवम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से साढ़े 5 बजे तक संपन्न होगी। आज प्रथम दिवस की कथा में जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान का प्रत्येक अवतार गौ, ब्राह्मण, सत्यवादी और सती के रक्षण के लिए होता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम और भगवान कृष्ण परम गौ भक्त थे, अयोध्या और व्रज में सवा करोड़ गायों का संरक्षण होता था। रावण ने जब ब्राह्मणों और साधुओं को कष्ट दिया, तभी हनुमान जी ने लंका दहन किया। उन्होने कहा कि रामायण ही मर्यादा और आदर्श का मूल ग्रंथ है, जो मानव जीवन को सदाचार की दिशा प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि यज्ञ से देवता प्रसन्न होते हैं और देव प्रसन्नता से प्रकृति का अनुग्रह प्राप्त होता है जिससे अन्न, वर्षा, पवन और प्रकाश की प्राप्ति होती है। उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिए समाज को एकजुट होने का संदेश देते हुए कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी धर्म का पालन करना और धर्म रक्षा हेतु कष्ट सहना ही सच्ची साधुता है। महाराज ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के गौ संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयासों को भगीरथ प्रयास बताते हुए उनके सफल होने की कामना की। इस अवसर पर धर्मयोजक गणेश तिवारी, श्रीमती नेहा तिवारी एवं आशीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यज्ञाचार्य मेघनंद शास्त्री ने वैदिक विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराया। महाराज ने उपस्थित जन समुदाय से आह्वान किया कि सरकार से मांग करें कि गौचर भूमि माफियों से मुक्त की जाए और प्रत्येक ग्रामवासी सामूहिक गो पालन का संकल्प ले। यदि एक घर में गौ सेवा संभव नहीं है तो ग्राम स्तर पर सामूहिक गौशाला बनाकर सेवा करें यही सच्ची गोपाल सेवा है। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। धर्मनिष्ठ जनों ने इस आयोजन को सनातन धर्म के पुनर्जागरण का प्रतीक बताया। जिले के घुघरी खुर्द से प्रारंभ हुआ यह गौ संरक्षण अभियान शीघ्र ही पूरे छत्तीसगढ़ में व्यापक स्वरूप धारण करेगा।

## भाजपा बोड़ला मंडल में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी बोड़ला मंडल में मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला पंचायत सभापति एवं मंडल प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता विदेशी राम धुर्वे मंडल ने की। कार्यशाला में उपस्थित मंडल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. साहू ने बताया कि गहन विशेष पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आत्मा है। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो और कोई भी योग्य मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रह जाए। जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने आगे कहा कि भाजपा हमेशा से जनसहभागिता, पारदर्शिता और राष्ट्रहित के सिद्धांतों पर काम करती रही है। यह पुनरीक्षण अभियान भी उसी विचारधारा का प्रतीक है। मैं सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूँ कि हर बूथ की मतदाता सूची का गहन अध्ययन करें,



जिन लोगों के नाम छूट गए हैं, उन्हें जोड़ने में मदद करें और जनता को बताएं कि भाजपा ही वह पार्टी है जो हर नागरिक के अधिकार की रक्षा करती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झम्मन चंद्रवंशी, लालचंद साहू, कांशीराम साहू, अजय यादव, मनोज नायक, हुतेंद्र चंद्रवंशी, सुनील मानिकपुरी, सनत साहू, चंद्रिका निर्मलकर, बिहारी साकेत, नंदलाल पटेल, छोटू बांधे सहित मंडल के सभी पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र संयोजक एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा में बाल दिवस पर बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन आज




**हरिभूमि कुण्डा।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत सरदार पब्लिक स्कूल हॉयर सेकेण्डरी स्कूल कुण्डा में 12 नवंबर को बाल दिवस का भव्य आयोजन व विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं 14 नवंबर को पूरे भारत वर्ष में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया जाता है, यह दिन सिर्फ बच्चों के खेलने, गाने या उपहार पाने का नहीं अपितु उनके अधिकारों शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य का याद दिलाने का प्रतीक है। बाल दिवस हर उस मासूम मुस्कान का उत्सव है, जो देश का आने वाला कल है। बाल दिवस के अवसर पर देश भर के स्कूलों में विशेष सभाएं, खेल-कूद, चित्रकला, नाटक और गीत-संगीत की कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। अग्रिम बाल दिवस के अवसर पर बुधवार को राधे-रानी बाल कल्याण समिति कुण्डा पं.क्र. 3589 द्वारा संचालित सरदार पब्लिक हॉयर सेकेण्डरी स्कूल कुण्डा में इसी तरह की विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिस पर संस्था के अध्यक्ष समाज सेवी सुरेन्द्र छाबड़ा से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल में बच्चों के प्रतिभा को निखारने एवं प्रतिभा का कौशल दिखाने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहा, श्री छाबड़ा ने बताया कि स्कूल में खेल-कूद, निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला, रंगोली, नाटक, गीत-संगीत एवं बच्चे द्वारा अपने हुनर दिखाने से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पालकगण, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासियों सहित क्षेत्रवासी गण उपस्थित होंगें।

### संस्कार सिटी के नृत्यांजलि समारोह में रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के बच्चों ने फहराई विजय पताका

**हरिभूमि कवर्धा।** गत दिनों शनिवार को संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित नृत्यांजलि-2025 सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियों की धूम रही। कार्यक्रम को सीनियर एवं जूनियर वर्ग में विभाजित किया गया था। इस अवसर पर श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराओं, आखेट पर्व, त्यौहारों और फसल उत्सवों को मनमोहक झांकी के रूप में प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने प्रथम पूज्य भगवान गणपति महाराज की वंदना नृत्य के रूप में प्रस्तुत की। भगवान को केंद्र में रखकर सुसज्जित परिधानों और भावपूर्ण नृत्य ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। निर्णायक मंडल ने दोनों प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए जूनियर वर्ग में तृतीय स्थान तथा सीनियर वर्ग में द्वितीय स्थान प्रदान किया। नृत्य एवं झांकी का मार्गदर्शन विद्यालय के नृत्य शिक्षक दीपक सोनी, सुकवारो नेताम, आशा साहू तथा कला शिक्षक टिकेंद्र ठाकुर और आरजू बानो ने किया। कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ आदित्य चंद्रवंशी एवं प्राचार्या एम शारदा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि छात्राएं न केवल शैक्षणिक और खेलकूद क्षेत्र में बल्कि सांस्कृतिक विधाओं में भी अपनी सृजनशीलता से उत्कृष्ट पहचान बना रहे हैं। विद्यालय परिवार ने सभी विजयी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कार्यक्रम : विधायक भावना बोहरा ने पैर पखारकर किया स्वागत

# आदिवासी परिवार के 115 लोगों को घर वापसी से जागी नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर/पंडरिया

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा में निरंतर सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार से लेकर आदिवासी एवं वनवासी संस्कृति को संरक्षित करने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहें हैं। उनके इन्हीं प्रयासों और वनांचल क्षेत्र में निवासरत जनजाति परिवारों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सम्मान, सशक्तिकरण व सुविधा के लिए उनके अथक प्रयासों से आज वनांचल क्षेत्र में रहने वाले भोले-भाले जनजाति समाज के लोगों को जिन्होंने प्रलोभन देकर उनका धर्मान्तरण कराया है, उनके मंसूबों पर प्रहार हो रहा है। वहीं जनजाति समाज के लोग अपने मूल धर्म में वापसी कर अपनी जड़ों से जुड़ रहें हैं।

इसी कड़ी में मंगलवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम नेऊर में आयोजित जनजाति गौरव सम्मान एवं अभिनंदन समारोह में विधायक श्रीमती भावना बोहरा की उपस्थिति में जनजाति परिवार के 115 लोगों ने घर वापसी कर अपने मूल धर्म में प्रवेश किया और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से पुनः जुड़े। विधायक भावना बोहरा ने उनके पैर पखारकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान ग्राम नेऊर, अमनिया, अमलीटोला, महिडबरा, खैरहापारा, कांदावानी, डफरपानी, दमगढ़ (लडूटोला), सारपानी, दमगढ़ (मौहापानी), दमगढ़ और बिरहुलडीह जैसे वनांचल क्षेत्रों में निवासरत जनजाति परिवार के लोगों ने घर वापसी की और इस प्रयास के लिए विधायक भावना बोहरा का अभिनंदन किया। विदित हो की कुछ माह पूर्व भी विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्रों में निवासरत 70 लोगों की ने अपने मूल धर्म में प्रवेश किया था।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आदिवासी समुदाय भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर के वाहक रहे हैं। उनकी प्रकृति-पूजा, लोक देवताओं की आराधना और सामुदायिक जीवन शैली, वनवासी परंपराओं से गहराई से जुड़ी हुई है। इसी परंपरा और धार्मिक संस्कृति को सहेजने के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहें हैं और आज पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्रों में रहने 115 आदिवासी भाई-बहनों ने अपने मूल धर्म में प्रवेश किया और अपनी संस्कृति-धार्मिक जड़ों से जुड़ें हैं। घर वापसी सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता की रक्षा का संकल्प है, इसी संकल्प के साथ हम उन भोले-भाले जनजाति समाज के लोगों को पुनः अपनी संस्कृति से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहें हैं, जिन्हें कुछ लोगों द्वारा प्रलोभन देकर, गुमराह किया जा रहा है और अपने निजी स्वार्थ के लिए हमारे जनजाति व आदिवासी समाज के लोगों की अस्मिता और उनकी संस्कृति व विरासत को नुकसान पहुंचा कर वर्षो पुरानी प्राचीनकाल से चली आ रही सभ्यता को समाप्त करने का काम किया जा रहा है, लेकिन भाजपा सरकार उनके इन मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देगी। छत्तीसगढ़, आदिवासी संस्कृति और प्रकृति की गोद में बसा हमारा यह राज्य, सदियों से विविधता का प्रतीक रहा है। लेकिन हाल के वर्षो में, जबरन या प्रलोभन से धर्मांतरण की घटनाओं ने न केवल हमारी परंपराओं को खतरा पहुंचाया है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर किया है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी हरीश लुनिया ने भी संबोधित करते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा की करीब दो महीने पूर्व ही भावना बोहरा ने वनांचल क्षेत्र के लगभग 70 से अधिक परिवारों की घर वापसी कराई और आज 115 से अधिक लोगों की उन्होंने घर वापसी कराकर आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही उनके द्वारा लगातार पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यो और जनसेवा के कार्यो, शिक्षा, स्वास्थ्य, सशक्तिकरण, युवाओं को प्रोत्साहन जैसे हर क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्य करते हुए एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। कबीरधाम जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा के इन प्रयासों के लिया बधाई देते हुए उपस्थितजनों को संबोधित किया और कहा कि यह एक सार्थक पहल है और जनजाति समाज के कल्याण व उत्थान के लिए हम हमेशा प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम में बैगा जनजाति समाज के वरिष्ठजन, भाजपा के समस्त मंडलों के अध्यक्ष, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नगर पालिका एवं नगर व जनपद पंचायत के सदस्य, जनप्रतिनिधि, सभी मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, आदिवासी समाज के सदस्यगण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थें।





### आदिवासी व जनजाति समाज कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहाः बोहरा

विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि धर्मान्तरण की गतिविधियों से जुड़े लोग हमारे भोले-भाले आदिवासी भाई-बहनों को नया नियम नामक किताब बांट रहे हैं। सबको मालूम है कि इसका उद्देश्य क्या है? अगर इन्हें सच में आदिवासियों की चिंता होती, तो वे उनके इतिहास, उनका योगदान, उनके स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की कहानियां और उनके समाज के उन महान व्यक्तित्वों की गाथाएं बताते जिन्होंने देश और समाज में नाम कमाया। लेकिन इनका उद्देश्य सही नहीं है, इसलिए ये लोग केवल भटकाने का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के आदिवासी व जनजाति समाज के कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। एक ओर हमारा प्रदेश नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ की ओर अग्रसर हो रहा है तो वहीं राज्योत्सव के अवसर पर छत्तीसगढ़ पधारे पीएम मोदी ने आदिवासी नायकों के शौर्य और बलिदान को समर्पित नवा रायपुर में देश के पहले डिजिटल संग्रहालय शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का लोकार्पण कर आदिवासी जननायकों के संघर्ष, शौर्य और बलिदान को सहेजने का कार्य किया।

## हॉयर सेकण्डरी स्कूल उन्नयन की मांग विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव स्थित हॉयर सेकेण्डरी स्कूल को उन्नयन की मांग को लेकर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को ज्ञापन सौपा गया। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पहले शासन प्रशासन को ग्राम पंचायत कोलेगांव में मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी जन समस्या निवारण सुशासन तिहार में भी तथा ग्रामीणों द्वारा कई बार अर्जी-विनती तथा शिकवा-शिकायत कर हॉयर सेकेण्डरी स्कूल की मांग की गई, लेकिन अभी तक ग्रामीणो, पालक गणों तथा छात्र छात्राओं को सिर्फ और सिर्फ निराशा तथा कोई कार्यवाही नही हुई। वहीं एक बार फिर पुनः हाई स्कूल कोलेगांव को हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल में उन्नयन के लिए ग्रामीण रहवासियों तथा आसपास क्षेत्र के पालक गणो ने पंडरिया उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा को आवेदन ज्ञापन सौपा गया।

जिस पर विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा पूर्ण विश्वास व आश्वान दिया गया। इस दौरान शाला प्रबंधन अध्यक्ष डॉ संतोष साहू, रामाधार शर्मा, सरपंच सुरेश धुर्वे, परमेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में पालक गण तथा क्षेत्रवासी ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

- विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर किया सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला-कबीरधाम के निर्देशानुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती एकता दिवस के रूप में श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में मनाई गई, जिसमें 7 नवम्बर को वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय भारत की एकता में वल्लभ भाई पटेल का योगदान पर विद्यालय के लगभग सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अपना निबंध प्रस्तुत किया, वहीं वाद-विवाद में भी लगभग 36 बच्चों ने अपनी प्रस्तुति प्रदान की। वहीं कार्यक्रम के दूसरे दिवस 8 नवम्बर को चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक कलाकारी अपने रंगों के माध्यम से प्रकट किया।



वहीं विजयी प्रतिभागियों में वाद-विवाद में डिकेश चन्द्रवंशी कक्षा 11वीं, निबंध में आदित्य नारायण तिवारी कक्षा 10वीं, चित्रकला में नित्याश्री पाण्डेय कक्षा 7वीं, रंगोली में चार्वी साहू कक्षा 8वीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिन्हें भोरमदेव शिक्षा परिसर में सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं लगभग 50 से अधिक बच्चे भागूटोला स्कूल से भोरमदेव कन्या शिक्षा परिसर तक एकता दौड़ में शामिल हुए, जिसका प्रतिनिधित्व विद्यालय के खेल विभाग के शिक्षकों ने किया। बच्चों की इस सफलता पर प्राचार्य एवं रामकृष्ण शिक्षण समिति ने बधाईयां दी।

## कुई में जोन स्तरीय बाल कौशल प्रतियोगिता का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

कन्या आश्रम परिषर कुई में मंगलवार को जोन स्तरीय बाल कौशल प्रतियोगिता-2025 का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने किया, इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दीपा धुर्वे, मंडल अध्यक्ष बसंत बाटिया, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र गुप्ता, सहायक बीईओ दीपक ठाकुर, बीआरसी राममुरारी यादव सहित विभिन्न संकुलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थें। जोन स्तरीय बाल विकास प्रतियोगिता में ग्राम नेऊर, बदना, कुई, पोलमी, भाकूर, चतरी, मुनमुना, चिंयाडांड़, सेंदूरखार, खैरझिटी व देवसरा संकुल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में कबड्डी, खो-खो, दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद के साथ मेहंदी, रंगोली, जलेबी दौड़, बोरा दौड़, सुई-धागा दौड़, गोली-चम्मच प्रतियोगिता और विज्ञान मॉडल प्रदर्शन जैसी आकर्षक गतिविधियां शामिल रहीं। विधायक श्रीमती बोहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना और सृजनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। शिक्षा के साथ खेल और कला बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### बस्ती में कीचड़ व गड्ढे, चलना मुश्किल, ग्रामीणों ने मुरुम व बजरी डलवाया



**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्राम पंचायत बरबसपुर के आश्रित गांव बीजाझोरी के ग्रामीण रहवासी आज भी बुनियादी सुविधा लाभ से वंचित व समस्याओं से जूझ रहा है। गांव में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वच्छता हर व्यवस्था अधूरी और बदहाल है। गांव तक जाने वाली डब्ल्यूबीएम सड़क जो एनएच-30 कवर्धा-बिलासपुर मुख्यमार्ग से जुड़ती है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बरसात के बाद दलदल में बदल चुकी है सड़क 10 लाख रुपए की लागत से सिर्फ 200 मीटर सीसी रोड बनाई गई है, जबकि स्वीकृति 300 मीटर तक पक्की सड़क की थी। बस्ती अंदर के भीतर कीचड़ और गड्ढों से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। जिस पर ग्रामीण लाला प्रसाद साहू, घनाराम यादव, महेंद्र चंद्रवंशी, लेखराम, राजेश, बबला चंद्रवंशी और जगमोहन धुर्वे ने प्रशासन से नाराजगी जताते हुए कहा कि गांव में विकास कार्यो का हाल-बेहद खराब है। वहीं ग्राम सरपंच की कार्यशैली से असंतुष्ट ग्रामीणों ने खुद अपने खर्चे पर बजरी और मुरुमीकरण डालकर सड़क को चलने लायक बनाया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में सख्त जांच और कार्यवाही की मांग की गई ताकि जनपद पंचायत स्तर पर विकास कार्यो में हो रही लापरवाही पर लगाम लग सके।

### भारतीय महिला दल में कवर्धा की बेटी का अमूल्य योगदान : डिप्टी सीएम

# विजय शर्मा मिली वर्ल्ड कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट आकांक्षा सत्यवंशी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंगलवार को विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट रहीं श्रीमती आकांक्षा सत्यवंशी एवं उनके परिजनों के साथ अपने निज निवास पर आत्मीय भेंट की और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने उन्हें शौर्य के प्रतीक के रूप में गदा भी भेंट किया। जिस पर आकांक्षा ने हर्ष पूर्वक अपने विश्वकप के फाइनल मैच में गदा से जुड़ा एक वाक्या शेयर करते हुए बताया कि वे भी हनुमान जी की भक्त हैं और आखरी मैच में खिलाड़ी राधा यादव और क्रांति गौड़ पूरे समय हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे थे। फिर जब उनकी मैच खेलने की पारी आई तो उन्होंने एक छोटा सा गदा मेरे हांथों में देकर उसे मैच के अंत तक पकड़े रहने को कहा था और भगवान हनुमान की कृपा हम पर बनी रही और हम विश्व विजेता बन गए।

#### एम्स रायपुर की नौकरी का अवसर छोड़ बनीं महिला टीम की फिजियो

इस अवसर पर उन्होंने उपमुख्यमंत्री से अपने क्रिकेट से जुड़ने के सफर को साझा किया। कैसे एम्स रायपुर की पक्की नौकरी छोड़कर उन्होंने क्रिकेट टीम की फिजियो बनीं। उन्होंने बताया की प्रारंभिक पढ़ाई के बाद रायपुर मेडिकल कॉलेज से फिजियोथेरेपी में स्नातक और कटक से स्नातकोत्तर किया। जिसके बाद उन्होंने कई न्यूरो सर्जन्स के साथ काम किया और उसी वक्त उन्होंने फेसबुक पर अपनी ट्रेवलिंग के शौक के साथ अपनी बक्केट विश लिस्ट शेयर की थी। उन्होंने कहा उन्हें नहीं पता था कि एक फेसबुक पोस्ट मेरी दुनिया बदल देगा। फेसबुक पोस्ट से मेरे घूमने के शौक को जानकर मेरी सीनियर ने मुझे छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम से जुड़ने का ऑफर दिया और उसी वक्त उनका चयन एम्स रायपुर के लिए भी हुआ था। घर में लोग स्थायी नौकरी के लिए मुझे एम्स जाने के लिए कहा पर माता-पिता और भाई ने उन्हें सपोर्ट किया और उन्होंने स्थायी नौकरी छोड़ क्रिकेट के साथ अपनी यात्रा प्रारम्भ की एवं छत्तीसगढ़ महिला क्रिकेट टीम की तीनों वर्गो को अपनी सेवाएं दी और उनके अच्छे काम ने उन्हें बीसीसीआई की नजर में ला दिया और सीधे सीनियर भारतीय महिला टीम के साथ उन्हें एक कार्यशाला में कार्य करने का मौका मिला और इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### महतारी वंदन योजना से महिलाओं में बढ़ा आत्मविश्वास, आर्थिक मदद से मिली जीवन में स्थिरता

**हरिभूमि कवर्धा।** महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही महतारी वंदन योजना से अनेक गृहिणिया आत्मनिर्भर होकर आगे बढ़ रही है। यह योजना केवल वित्तीय सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को आत्मनिर्भर और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की प्रेरणा भी देती है। ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी है, कबीरधाम जिले के ग्राम मजगांव की श्रीमती लक्ष्मी गंधर्व की जो एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से संबंध रखती हैं। श्रीमती लक्ष्मी गंधर्व बताती है कि वे आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में कार्यरत है। परिवार का गुजारा मिलने वाला मानदेय पर चलता है। सीमित आमदनी में परिवार की जरूरतें पूरी करना पहले उनके लिए बड़ी चुनौती थी। हर महीने के खर्चो को लेकर चिंता बनी रहती थी, जिससे घर की छोटी-मोटी जरूरते अधूरी रह जाती थीं। लेकिन जब से राज्य शासन की महतारी वंदन योजना शुरू हुई है, जीवन में सुकून और आत्मविश्वास दोनों लौट आए हैं। इस योजना के तहत उन्हें हर महीने 1000 रुपए की आर्थिक सहायता मिलती है। यह राशि उनके परिवार के मासिक खर्चों में अहम सहयोग बन गई है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### दीपावली मिलन समारोह आयोजित

**राजनांदगांव।** दुर्गा उत्सव समिति दुर्गा चौक के तत्वावधान में 9 नवंबर को मोहारा स्थित पवित्र ढीमर समाज के मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह समिति सफलतपूर्वक 77वे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में भगवान को भोग लगाकर एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद का आनंद लिया। इस आयोजन में पार्षद रवि सिन्हा ने समिति के कार्यों की सराहना करते सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपस्थित नागरिकों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते सामाजिक एकता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मीठी देवांगन का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम की सफलता में समिति के पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं स्थानीय नागरिकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में अजय श्रीवास्तव, गोपीराम धीवर, शैलेष श्रीवास्तव, रितेश देवांगन, सुभाष सोनकर, ध्रुव श्रीवास्तव, अमितेश झा, अनिल यादव, चंद्रप्रकाश यादव, दीपांशु श्रीवास्तव, अभिजीत साम्न्था, मनोज धीवर, सतीश निम्भोरकर, राकेश ओटी, मोनू यादव, संदीप निर्मलकर, प्रकाश यादव, राजूलाल ओटी, आशिष श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, गोपी देवांगन, भीष्म देवांगन, वसंत धीवर, प्रकाश यादव, बिट्टू चौहान आदि उपस्थित थे।



### मोहल्ले में अशांति फैलाया, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** गांव के मोहल्ले में अशांति फैलाने के मामले में पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस से शिकायत करने की बात को लेकर ग्राम लिटिया में अशांति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले अनावेदक रोशन विश्वकर्मा 22 साल निवासी लिटिया पुलिस चौकी सुकुलदैहान के विरूद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई पर गिरफ्तार कर इस्तगासा तैयार कर कार्यपालिका दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया।

### प्रस्ताव पर समन्वयकों ने दिया समर्थन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज भाषा आयोग रायपुर में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन के राज्य स्तरीय आयोजन से संबंधित बैठक में चंदैनी-गोंदा के



संस्थापक दाऊ रामचंद्र देशमुख के नाम पर राज्य अलंकरण दिए जाने की मांग गूंजी। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर राज्यभर से जिला समन्वयकों द्वारा एक स्वर से इसका समर्थन कर हस्ताक्षरित ज्ञापन छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की सचिव अभिलाषा बेहार के समक्ष लाया गया। इस पर श्रीमती बेहार द्वारा इस मांग का समर्थन करते उक्त से संबंधित ज्ञापन संस्कृति मंत्री सहित संस्कृति संचालक व संस्कृति सचिव को सौंपे जाने की बात कही गई। छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति के जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद मिश्रा व सचिव मानसिंह मौलिक ने बताया कि श्री कोशा द्वारा साहित्य समिति के बैनर तले लाए गए उक्त विषय पर राज भाषा आयोग के कवि / साहित्यकारों ने कहा कि पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के लिए सुमधुर गीत-संगीत व पूजा के फूल जैसे नाटक से प्रत्येक छत्तीसगढ़वासियों को जगाने में लोक सांस्कृतिक संस्था चंदैनी-गोंदा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर अभिलाषा बेहार, रामानंद त्रिपाठी, विवेक तिवारी, किशोर तिवारी, चमेलीबाई, शकुंतला, शरद तिवारी, चंद्रशेखर शर्मा, डॉ. मोहन साहू, रामेश्वर शर्मा, सियाराम साहू, रामनाथ साहू, प्रदीप मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी साहित्य समिति के सचिव मानसिंह मौलिक द्वारा दी गई।

### युगांतर स्कूल में कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा 7वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए बुलिंग अवेयरनेस विषय पर प्रभावी कार्यशाला



आयोजित हुई। जिसका संचालन एनएलपी ट्रेनर दीप्ति बिंदल द्वारा किया गया। इस दौरान उनके द्वारा विद्यार्थियों को समझाया गया कि कभी-कभी चिढ़ाने के लिए, मजाक में किए गए कमेंट्स या किसी गलती पर हंस देना भी किसी के मन पर गहरी भावनात्मक चोंट पहुंचा सकते हैं, इसलिए विद्यार्थियों को इन स्थितियों से बचने का प्रयास करना चाहिए।
ट्रेनर दीप्ति बिंदल ने कहा कि हमारे कहे गए शब्द या तो किसी को ऊपर उठा सकते हैं या उन्हें नीचे गिरा सकते हैं, इसलिए हमें बोलते समय बहुत सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। हमें बुलिंग अवेयरनेस के लिए कभी-कभी एक्शन मोड पर भी रहना पड़ता है। विद्यार्थियों को इसे रोकने पालकों और शिक्षकों का सहयोग भी लेना चाहिए। विद्यार्थियों ने इस सत्र को बहुत ध्यानपूर्वक सुना और यह संकल्प लिया कि वे अब दूसरों को नीचा दिखाने या मजाक बनाने के बजाय एक-दूसरे का सम्मान करेंगे और एक सहयोगात्मक वातावरण बनाने का प्रयास करेंगे।
इसी तरह इन विद्यार्थियों के लिए व्यक्तित्व विकास विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसे विद्यालय की काउंसलर नीलिमा कोठारी ने संचालित किया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल और सामाजिक व्यवहार को सुदृढ़ करना था। विविध खेलों की इंटर स्कूल प्रतिस्पर्धाओं के जरिये खेल प्रतिभाएं भी सामने आई है। मॉक पार्लियामेंट जैसे आयोजन के जरिये विद्यार्थियों की नेतृत्व की क्षमताओं को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रतिनिधि मंडल ने विस अध्यक्ष रमन से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** प्रदेश की शांति व्यवस्था को तार-तार करने के कुत्सित अभियान के सूत्रधार अमित बघेल द्वारा गत दिनों भगवान अग्रसेन महाराज और संत श्री झूलेलाल को अपशब्दों का उपयोग करते दोनों समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के कारण समाज के लोगों में भारी आक्रोश है। जिसके चलते दोनों समाज के सैकड़ों लोगों ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा था, परंतु ज्ञापन के बाद सरकार की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी। इसी विषय का संज्ञान लेकर अमित बघेल के ऊपर विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग लेकर सोमवार को अग्रेसन समाज एवं सिंधी समाज का प्रतिनिधि मंडल स्पीकर हाऊस में डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की और अपने इष्टदेवता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले अमित बघेल पर तत्काल कार्रवाई करने की पुरजोर मांग की।



### नव छात्र ने लिया संकल्प मंजिल मिलने तक नहीं रुकेंगे कदम

# डाइट में वेलकम पार्टी के जरिए मिला सीखने और संस्कार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों के द्वारा प्रथम वर्ष में प्रवेशित नव छात्र अध्यापकों का स्नेहिल स्वागत करते हुए उनके लिए वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता, शिक्षाविद और इतिहासकार डॉ बसुबंधु दीवान थे। द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिका गीतांजली वर्मा और द्रोपदी कोशले ने कार्यक्रम की शुरुआत में माँ शारदे की सुंदर वंदना प्रस्तुत किये। मां शारदे की पूजा अर्चना के पश्चात हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ बसुबंधु दीवान ने कहा कि यह एक प्रशिक्षण संस्थान है, यहां प्रेरणा लेकर स्वयं सीखना पड़ता है। यह एक ऐसा संस्थान है जहाँ शिक्षक बनने के साथ साथ एक आदर्श इंसान भी बनना सिखाया जाता है। यहाँ शिक्षा, संस्कार, व्यवहार, बोलचाल, रहन सहन और उच्च आदर्शों कि शिक्षा भी दी जाती है। यहीं से ही आपके कैरियर का निर्धारण भी होता है। डॉ दीवान ने कहा हम सब आपके लक्ष्य को साधने के लिए, आपके लक्ष्य को पूर्णता प्रदान करने के लिए, जिस उद्देश्य के साथ यहां आप प्रवेश लिए है, उस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए जो कुछ भी बन पड़ेगा, हम प्रतिदिन यत्न और प्रयत्न करेंगे। यह आप लोगों के ऊपर निर्भर करता है कि आप लोग इसे कितनी गंभीरता से लेते हैं। द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों ने आपके लिए बहुत मेहनत से इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। वे अत्यंत प्रशंसा के पात्र हैं। मैं हमेशा कहता हूं कि दुनियां के सारे रंग मिलकर सफेद रंग नहीं बन सकते और दुनियां में ऐसा कोई रंग नहीं है जिसमें सफेद रंग मिल नहीं सकता। शिक्षक भी वैसा ही है। शिक्षक अपने छात्रों के लिए उनके हित के लिए हमेशा तत्पर रहता है। शिक्षक कहीं भी, हर जगह छात्र हित में अपनी आहुति देने सदैव तत्पर रहता है

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शिक्षिका प्रतीक जैन सभी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हम सबको कठिन परिश्रम करना है और तब तक हमें रुकना नहीं है जब तक हमें अपनी मंजिल ना मिल जाए। कार्यक्रम का संचालन द्वितीय वर्ष की छात्र अध्यापक कोमल शर्मा, पवन चंद्राकर और सुमन साहू ने किया। जबकि सहयोगी के रूप में द्रोपदी कोशले, गीतांजली वर्मा, संगीता साहू, धीरेन्द्र, चेतन साहू, कुलेश्वर यादव, सफीना परवीन, अंजू साहू, हर्षवर्धन, दामिनी ठाकुर आदि रहे। प्रथम वर्ष के छात्र अध्यापकों के स्वागत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ी गीत एवं नृत्य में द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापिका सुमन एक्का, आरती पैकरा, श्रिया कंवर, किरण मरावी, मेलन श्याम, दुवांशु ठाकुर ने मुख्य भूमिका निभाई। इस अवसर पर छात्र अध्यापकों को पीएसटीई प्रभारी अनिल कुमार सोनी, जी एल खुटियारे, एवं कक्षा शिक्षिका कीर्ति घृतलहरे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में संस्थान की वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पाण्डेय, पीएसटीई प्रभारी अनिल कुमार सोनी, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, नागेंद्र शर्मा, अमिंदर भारती, कमलेश शर्मा, सत्येंद्र मिश्रा, सरस्वती साहू, सहित प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के सभी छात्र अध्यापक उपस्थित थे।




## मोहल्ले में हो-हुल्लड, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बसंतपुर पुलिस ने मोहल्ले में हो-हुल्लड कर रहे अनावेदकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 नंवबर को मुखबीर की सूचना के आधार पर मोहल्ले में हो-हुल्लड़ करने वाले अनावेदक राहुल निषाद 27 साल निवासी जमातपारा के विरूद्ध इस्तगाशा धारा 170, 126, 135(3) भा ना सु सं के तहत कार्रवाई कर अनावेदक को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### फरार वारंटी पकड़ाए

इसी प्रकार लंबे समय से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी राहुल देवांगन 22 साल निवासी मोहारा बायपास एवं नैनदास 43 साल निवासी बैगापारा लखोली को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उपरोक्त अनावेदकों का जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू, सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन देशमुख, आरक्षक प्रवीण मेश्राम, कुश बघेल, राजेश्वर बंदेश्वर एवं रूपेन्द्र वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## बलिदानों को नमन करते मनाया हुतात्मा दिवस

**राजनांदगांव।** महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्यालय में हुतात्मा दिवस पूर्ण श्रद्धा और कारसेवकों के बलिदानों को नमन करते विहिप बजरंग दल के बजरंगियों के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में क्षेत्रीय संयोजक विश्ववर्धन भट्ट एवं प्रांत सयोजक शुभम नाग एवं प्रांत सहमंत्री नंदूराम साहू तथा वरिष्ठ पदाधिकारियों का स्वागत एवं परिचय सत्र पूर्ण किया गया।

भट्ट ने कहा कि "हुतात्मा दिवस हमें उन अमर कारसेवकों के बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने श्री रामजन्भूमि की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। प्रांत सयोजक शुभम नाग ने संगठन के निर्माण और उसके आयामों की वृहत स्वरूप और कार्यों का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। इस संगठन में हर एक बजरंगी की भूमिका एवं उसके महत्व से सभी को अवगत कराया। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर शहीद कारसेवकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।




## युवा शिविर में सैकड़ों युवा शामिल

**राजनांदगांव।** संत श्री आशारामजी बापू प्रेरित युवा सेवा संघ के तत्वावधान में रायपुर के वीआईपी रोड स्थित संत श्री आशारामजी बापू आश्रम में दो दिवसीय 8 व 9 नवंबर को राज्य स्तरीय तेजस्वी युवा शिविर का आयोजन किया गया।

युवा सेवा संघ राजनांदगांव के प्रमुख संजय साहू ने बताया कि राजनांदगांव युवा सेवा संघ से एक सौ से अधिक युवा इस शिविर में शामिल होकर जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने की कुंजी सीख रहे हैं। रायपुर आश्रम के संचालक रामा भाई ने बताया कि आश्रम परिसर में युवाओं को तेजस्वी, संयमी, चरित्रवान बनने के साथ-साथ हर क्षेत्र में प्राप्त करने के उद्देश्य से दो दिवसीय तेजस्वी युवा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य रूप अहमदाबाद आश्रम से युवा सेवा संघ प्रमुख संजय अरोरा का मार्गदर्शन युवाओं को मिला। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। ततपश्चात युवा सेवा संघ का परिचय, उद्देश्य, अनुभव सत्र, जीवन में नियम-निष्ठा का महत्व, युवाधन सुरक्षा सत्र, संगठन को कैसे मजबूत करें।

श्री योग वेदांत सेवा समिति के मोहन भाटिया, अशोक डोड़वानी एवं अनिता शर्मा ने बताया कि युवा देश की रीढ़ की हड्डी के समान है। जितना मजबूत व संयमी एवं चरित्रवान होंगे, उतना ही देश उन्नत व विकास की ओर अग्रसर होगा। शिविर में संजय, चंदू, जनक, पवन, भूपेश, राजाराम, माधव, अनूप, अभिषेक, भारतद्वाज, भोला, राकेश, एनआर साहू, भीषम आदि का विशेष सहयोग रहा।



## एनएसएस शिविर में साइबर सुरक्षा पर युवाओं और ग्रामीणों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर के पांचवें दिन साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बेमेतरा पुलिस विभाग के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों एवं युवाओं को डिजिटल युग में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।

- स्वयं सेवकों ने नारे, पोस्टर और नाट्य प्रस्तुति से दिया डिजिटल सुरक्षा का संदेश

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीओपी विनय कुमार एवं डीएसपी राजेश झा शामिल हुए। अतिथियों ने छात्रों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराधों से बचाव हेतु सजगता और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने तथा सोशल मीडिया पर सोच-समझकर व्यवहार करने का आग्रह किया। साइबर क्राइम शाखा के हेड कॉन्स्टेबल श्री लोकेश सिंह ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी, फेक कॉल, बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया पर फर्जी पहचान, ओटीपी शेयरिंग और साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, अनजान कॉल या संदेशों में व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें तथा मजबूत पासवर्ड का उपयोग अवश्य करें। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. यू.के. ध्रुव, डॉ. टी.डी. साहू, डॉ. साक्षी बजाज (एनएसएस प्रभारी), शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलई के प्राचार्य, शिक्षकगण, ग्राम पंचायत बिलई के सरपंच, पंच एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने साइबर सुरक्षा विषय पर नारे, पोस्टर एवं लघु नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से जनजागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों व विद्यार्थियों में डिजिटल सुरक्षा एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।



## दिग्विजय कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के बीएससी तृतीय वर्ष बायो के विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में 10 नवंबर को शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया।

प्रो. युनुस रजा बेग व डॉ. डीके वर्मा ने सेंट्रल लेब में रखे उपयोगी उपकरणों डबल बीम स्पेक्ट्रोमीटर, एटामिक एबजापसन स्पेक्ट्रोस्कोपी, आरटीपीसीआर, जेल डॉक, ब्लीसोरीडर, बायो केमिकल एनालाईजर, कोलोरीमीटर, वॉटर एनालाइजर कीट, मैग्नेटिक स्ट्रारर, डीप फ्रीजर, हार्ट ऐयर ओवन, सेंट्रिफ्यूज, डिजिट विविंग बैलेंस के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्राणी विज्ञान विभाग में विभिन्न प्रकार के अकशेरूकी व कशेरूकी जंतुओं, उपयोगी उपकरणों उपयोगी उपकरणों, म्युजियम व कैरियर गाइडेन्स के बारे में डॉ. केएल दामले, डॉ. संजय ठिस्के, डॉ. माजिद अली, प्रो. भाटिया, चिरंजीव पांडे, करूणा रॉवटे ने विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. अनिता महेश्वर, डॉ. देव, डॉ. सोनल मिश्रा, श्री आडिल, श्री नितीन ने विभाग में रखे उपकरणों की जानकारी, कार्यविधि व उपयोगिता बताया।

मुख्य उपकरणों में इलेक्ट्रोस्पाइनिंग, डबलबीम स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, वर्टिकल लेमीनार, ऐयर फ्लो, साक्सलेट, सेंन्ट्रीफ्यूज, एनालेटिकल बैलेंस, बोम्ब कैलोरीमीटर, पीएच, मीटर, इनकुबेटर, हाट ऐयर ओवन, प्रोब सोमीकेटर, एलईडी डिजिटल माइक्रोस्कोप रहा है। डॉ. एसआर कन्नोजे व सरिता देवांगन के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण किया।

## पुलिस ने सायबर, यातायात के प्रति किया जागरूक

**खैरागढ़।** पुलिस ने यातायात एवं सायबर जागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाकर स्कूली बच्चों को कार्यक्रम आयोजित कर आवश्यक जानकारी दी।

जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा सड़क दुर्घटनाओं एवं सायबर फ्रॉड से बचने विशेष अभियान चला रही है। जिसके तहत पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल खैरागढ़ में स्कूल के शिक्षकों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 150 नाबालिक स्कूली छात्र-छात्राओं को सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जानमाल के नुकसान से अवगत कराते नाबालिकों को वाहन न चलाने, 18 वर्ष पूर्ण करने पर ही वैध दस्तावेज के यातायात नियमों का पालन, वाहन चलाने एवं सायबर जागरूकता के तहत एपीके एप ऑनलाइन ठगी, एटीएम क्लोनिंग सायबर ठगी होने पर तत्काल टोल फ्री नंबर 1930 में शिकायत दर्ज कराने कहा गया।

### एचएसआरपी नंबर प्लेट आवश्यक

सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु पुलिस लगातार जागरूक करने प्रयासरत है। यातायात के निर्धारित मापदंड अनुरूप ही चलने के साथ दुर्घटनाओं में घायलों को गोल्ड़न आवर में घायलों की मदद, समस्त वाहनों मे 1 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट के बारे में परिचितों को बताने जागरूक किया गया।



